राजस्थान सरकार

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह अक्टूबर, 2024 पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष **1999-2000** पर प्रतिमाह जारी किया जाता हैं | **राज्य का माह अक्टूबर**, 2024 **का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक** 404.63 **(प्रावधानिक) अंक रहा । सूचकांक में गत माह सितम्बर**, 2024 **के सूचकांक** 401.78 **की तुलना में** 0.71 **प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । राज्य के मासिक सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर**, 2024 **में** 3.78 **प्रतिशत (अक्टूबर** 2023 **की तुलना में) रही हैं| माह अक्टूबर**, 2024 **में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक** 467.20 **एवं ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक** 568.11 **तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक** 308.79 **अंक रहा हैं** | राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत **1.** प्राथमिक वस्तु समूह, **2.** ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार हैं -

1. **प्राथमिक वस्तु समूह (भार** 33.894%): माह अक्टूबर, 2024 में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक **467.20** रहा जिसमें गत माह के सूचकांक से **1.94** प्रतिशत की वृद्धि देखी गई | प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में **2.16** प्रतिशत एवं खनिज उप समूह सूचकांक में **0.39** प्रतिशत की वृद्धि का दर्ज होना रहा हैं। कृषि मद समूह के खाद्य पदार्थ उप समूह एवं अखाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **0.48** प्रतिशत एवं **5.88** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आलोच्य माह के प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के सूचकांक के अन्तर्गत अनाजों में **1.60** प्रतिशत, सब्जियों में **7.08** प्रतिशत, दूध में **0.09** प्रतिशत, अंडा, मांस व मछली में **1.46** प्रतिशत, मसालों में **5.32** प्रतिशत एवं रेशा में 51.49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में **0.39** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः जिप्सम में **0.79** प्रतिशत, चूना पत्थर में **0.58** प्रतिशत, चांदी में **6.71** प्रतिशत, स्टीऐटाइट (सोप-स्टोन) में **0.41** प्रतिशत तथा मिट्टी की ईट में **0.28** प्रतिशत की वृद्धि रही हैं। प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (अक्टूबर, **2023** की तुलना में) **9.22** प्रतिशत दर्ज की गई हैं |
2. **ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह (भार** 16.253%): माह अक्टूबर, **2024** के दौरान इस समूह का सूचकांक **568.11** रहा, जिसमें गत माह की तुलना में कोई परिवर्तन नहीं पाया गया | ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दर (अक्टूबर, **2023** की तुलना में) **(-) 1.32** प्रतिशत की कमी पाई गई |
3. **विनिर्मित उत्पाद समूह (भार** 49.853%): विनिर्मित उत्पाद समूह का सूचकांक माह अक्टूबर, **2024** में **308.79** अंक रहा, जिसमें गत माह की तुलना में **(-) 0.11** प्रतिशत की कमी पाई गई | समीक्षाधीन अवधि के दौरान केमिकल उप समूह सूचकांक में **(-) 2.54** प्रतिशत की कमी पाई गई जबकि खाद्य उत्पाद उप समूह के सूचकांक में **0.72** प्रतिशत, बेवरेज एवं तम्बाकू उत्पाद उप समूह सूचकांक में **0.21** प्रतिशत, बुनाई और परिष्करण उप समूह के सूचकांक में **0.02** प्रतिशत, गैर-धातु और खनिज उत्पाद में **0.01** प्रतिशत एवं बुनियादी कीमती और अलौह धातुएँ उप समूह के सूचकांक में **0.02** प्रतिशत की वृद्धि रही हैं | विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (अक्टूबर, **2023** की तुलना अक्टूबर, **2024** में) **1.72** प्रतिशत दर्ज की गई |

थोक मूल्य सूचकांक अक्टूबर, **2024** आधार वर्ष **(1999-2000=100) -** तालिका

क्र.सं.	समूह / उप समूह	समूहवार भारांकन	राजस्थान का थोक भाव सूचकांक			प्रतिशत विचलन अक्टूबर, 2024 में	
			अक्टूबर *, 2024	सितम्बर, 2024	अक्टूबर, 2023	सितम्बर, 2024	अक्टूबर, 2023
1	2	3	4	5	6	7	8
I	प्राथमिक वस्तु समूह	33.894	467.20	458.30	427.75	1.94	9.22
	(अ) कृषि वस्तुओं के उप समूह	29.933	463.88	454.05	421.12	2.16	10.15
	(ब) खनिज उप समूह	3.961	492.30	490.40	477.77	0.39	3.04
II	ईंधन शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह	16.253	568.11	568.11	575.69	0.00	-1.32
III	विनिर्मित उत्पाद समूह	49.853	308.79	309.13	303.57	-0.11	1.72
	सामान्य सूचकांक	**100.00**	**404.63**	**401.78**	**389.89**	**0.71**	**3.78**

*प्रावधानिक